राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण
9वीं मंज़िल, टॉवर-I, जीवन भारती भवन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001

योजना की अधिक जानकारी के लिए

**टोल फ़्री नंबर 14555 पर कॉल करें**
**या हमारी वेबसाइट www.pmjay.gov.in पर जाएं**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण

# आयुष्मान भारत पीएम-जय

दे रहा मुफ़्त उपचार, सबको दो ये समाचार



## शिक्षक मार्गदर्शिका

1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021



# “स्वास्थ्य ही वास्तविक धन है, ना कि सोने और चाँदी के टुकड़े”

**– महात्मा गांधी**

भारत की आबादी वर्तमान में 130 करोड़ से ज़्यादा है। किसी भी देश के विकास में स्वास्थ्य-संरचना का अहम योगदान होता है। भारत जैसे विविधता से भरे देश में सबको स्वास्थ्य सुविधा सुलभता के साथ पहुँचाना आसान कार्य नहीं है, बावजूद इसके भारत सरकार अंतिम जन तक स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाने के अपने संकल्प को अनवरत मज़बूती प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में अंतिम जन तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुँचाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने 23 सितंबर, 2018 को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का शुभारम्भ झारखंड की राजधानी रांची से किया।

आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना ( एबी-पीएम-जय) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रुप से वित्त पोषित स्वास्थ्य आश्वासन/बीमा योजना है। इस योजना के तहत 13 करोड़ से ज़्यादा परिवारों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ़्त इलाज माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदान किया जाता है।

## दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना आयुष्मान भारत पीएम-जय

### आयुष्मान भारत (पीएम-जय) की मुख्य विशेषताएं

- परिवार के आकार, आयु या लिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं है।
- पहले से मौजूद सभी स्थितियाँ पहले दिन से ही शामिल हैं।
- इसके अंतर्गत अस्पताल में भर्ती होने के 3 दिन पहले और अस्पताल में इलाज के बाद 15 दिनों के ख़र्चे, जैसे उपचार और दवाइयाँ शामिल हैं।
- योजना के लाभ पूरे देश में पोर्टेबल हैं यानी एक लाभार्थी कैशलेस उपचार का लाभ उठाने के लिए भारत के किसी भी सूचीबद्ध सरकारी या निजी अस्पताल में जा सकता है।
- यह पूरी तरह से कैशलेस हेल्थकेयर योजना है।
- यह भारत के सरकारी और निजी अस्पतालों में माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कवर प्रदान करता है।

# मार्गदर्शिका
## का उद्देश्य

आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना एक लोक-कल्याणकारी योजना है। इस योजना से प्रत्यक्षतः 13 करोड़ से ज्यादा परिवार एवं 60 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी जुड़े हुए हैं। ऐसे में इस योजना की जानकारी हर लाभार्थी तक पहुँचे, यह अति-आवश्यक है। नवीन सूचनाओं को ग्राह्य करना एवं इसे प्रसारित करना शिक्षार्थियों के लिए स्वाभाविक तौर पर आसान होता है। यही कारण है कि हम इस योजना के बारे में शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरुक करना चाहते हैं। विद्यार्थी जागरुक हो जाएंगे तो वे अपने परिवार एवं आस-पड़ोस को भी इसके बारे में आसानी से बता पाएंगे।

उपरोक्त उद्देश्य को ध्यान में रखकर ही इस मार्गदर्शिका का निर्माण किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि शिक्षकों को योजना से संबंधित बेहतर जानकारी मिले, ताकि वे अपने छात्र/छात्राओं को योजना के लाभों के बारे में न सिर्फ़ सार्थक तरीके से बता सकें, बल्कि उन्हें आयुष्मान भारत पीएम-जय के प्रसार के लिए प्रेरित भी कर सकें। जिससे विद्यार्थी अपने माता-पिता अथवा अभिभावक को इस योजना में उनके नाम की जाँच करने के लिए टोल फ्री नंबर 14555 पर कॉल करने, निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) या योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध सरकारी अथवा निजी अस्पताल पर जाने के लिए राजी करा पाएं।

इस प्रयास में, सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) सामग्री, जैसे कॉमिक बुक आदि बच्चों को प्रदान की जा रही है। बच्चों द्वारा आयुष्मान भारत का संदेश फैलाने में यह सामग्री बहुत ही प्रभावी एवं उपयोगी है।

## स्कूल किट में क्या है?

- ☑ एबी-पीएम-जय नाम का लेबल
- ☑ मास्टर आयुष्मान कॉमिक बुक
- ☑ एबी-पीएम-जय FAQ पोस्टर
- ☑ एबी-पीएम-जय शिक्षक मार्गदर्शिका

## स्कूल किट / गतिविधि

शिक्षा एवं ज्ञान प्राप्त करना एक अनवरत प्रक्रिया है। जो काम हम ख़ुद कर के सीखते हैं, उस काम में हमारी दक्षता ज़्यादा बेहतर होती है। कहा भी गया है कि **'करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान, रसरी आवत जात ते, सिल पर पड़त निशान।'** यानी जिस तरह से कुएँ के पत्थर पर बार-बार रस्सी को खींचने से निशान पड़ जाते हैं, इसी प्रकार बार-बार अभ्यास करने से मंद बुद्धि वाला व्यक्ति भी बुद्धिमान हो सकता है। इसी बात को ध्यान में रखकर इस मार्गदर्शिका को इस प्रकार से डिज़ाइन किया गया है कि विद्यार्थी खेल-खेल में ही एबी-पीएम-जय योजना के बारे में समझ भी जाएं और उनपर अतिरिक्त दबाव भी न आए।

नीचे हम कुछ गतिविधियों का उल्लेख कर रहे हैं, जिनके माध्यम से छात्रों को इस योजना के बारे में आसानी से समझाया एवं बताया जा सकता है।




कॉमिक बुक बच्चों के बीच सूचना हस्तांतरण के लिए एक प्रभावी माध्यम साबित हुई हैं। हम में से कई अभी भी अपने बचपन के प्रसिद्ध कॉमिक पात्रों को याद करते हैं, जिन्होंने न केवल हमारी कल्पना को उड़ान दिया, बल्कि हमें अपनी कल्पना की दुनिया में ले गए, यहाँ तक हमने उन पात्रों को जीने की भी कोशिश की।

इस माध्यम की शक्ति को महसूस करते हुए, मास्टर आयुष्मान कॉमिक बुक को एक दिलचस्प कथा और आकर्षक पात्रों के साथ लिखा और चित्रित किया गया है, जिससे इस योजना के बारे में जागरुकता फैलाने में मदद मिलेगी।

**इस कार्य के लिए निम्नलिखित कदम उठाने होंगे :**

- कक्षा IV से VII तक के बच्चों को कॉमिक बुक 'मास्टर आयुष्मान' और नाम लेबल वितरित करें
- स्कूल लाइब्रेरी के साथ-साथ हेडमास्टर के कार्यालय में 'मास्टर आयुष्मान' कॉमिक बुक की प्रतियां रखें
- कॉमिक बुक में दी गई गतिविधियों में भाग लेने के लिए स्कूलों को बच्चों को सुविधा प्रदान करना और प्रोत्साहित करना चाहिए। उनमें से कुछ को इस मार्गदर्शिका में भी शामिल किया गया है
- आयुष्मान भारत पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करें। विजेताओं को स्कूल द्वारा पुरस्कार दिया जा सकता है

1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021

# क्विज़

## प्रश्न :

Q1. एबी-पीएम-जय का पूरा नाम क्या है?

Q2. यह योजना कब और कहाँ शुरु की गई?

Q3. इस योजना के अंतर्गत कितने भारतीय पात्र हैं?

Q4. आप इस योजना के अंतर्गत अपनी पात्रता कैसे जाँच सकते हैं?

Q5. प्रति परिवार प्रति वर्ष मुफ़्त स्वास्थ्य बीमा/आश्वासन की कुल राशि कितनी है, जिसका लाभ एक लाभार्थी उठा सकता है?

Q6. इस योजना के अंतर्गत जारी आयुष्मान कार्ड आप कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं?

Q7. इस योजना के अंतर्गत किस प्रकार के अस्पताल में लाभ उठा सकते हैं?

Q8. इस योजना के अंतर्गत परिवार के कितने सदस्य लाभ उठा सकते हैं?

Q9. क्या इस योजना के अंतर्गत परिवार के सदस्यों के आकार, आयु और लिंग पर कोई प्रतिबंध है?

Q10. क्या पंजाब में रहने वाला व्यक्ति केरल में इस योजना का लाभ उठा सकता है?

Q11. इस योजना का टोल फ़्री नंबर क्या है?

**गतिविधि : 2**

मास्टर आयुष्मान

## पीएम-जय FAQ

आयुष्मान भारत पीएम-जय से संदर्भित बुनियादी सवाल पूछने के लिए हमने एक FAQ तैयार किया है।

**इस कार्य से संबंधित निम्नलिखित कदम उठाने होंगे :**

- सूचना बोर्ड पर आयुष्मान भारत पीएम-जय FAQ पोस्टर प्रदर्शित करें
- क्लास रूम में 'एक्टिविटी बोर्ड' पर प्रमुखता से FAQ पोस्टर प्रदर्शित करें
- कॉमिक बुक की एक तस्वीर शिक्षकों के साथ शेयर की जा सकती है

**5 लाख**

### आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना क्या है?

आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक लोगों को सूचीबद्ध सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक के मुफ़्त इलाज का अधिकार मिला।

**10 करोड़**

### आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना के अंतर्गत किन लोगों को मुफ़्त इलाज मिलेगा?

आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना के अंतर्गत 13 करोड़ से अधिक चिन्हित ग़रीब व वंचित परिवारों को मुफ़्त इलाज मिलेगा। योजना के अंतर्गत परिवार के सदस्यों की संख्या और उम्र पर कोई सीमा नहीं है।

**14555**

### इस योजना में अपना नाम कैसे प्राप्त करें?

इस योजना में अपना नाम जानने के लिए 14555 पर मुफ़्त फ़ोन करें। लाभार्थी अपने नज़दीकी जन सेवा केन्द्र या सूचीबद्ध सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में अपना पहचान पत्र एवं राशन कार्ड दिखाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

### आयुष्मान भारत पीएम-जय के अंतर्गत किन अस्पतालों में और कौन सी बीमारियों का मुफ़्त इलाज होता है?

इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी देशभर में किसी भी सूचीबद्ध सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में गम्भीर बीमारियों का मुफ़्त इलाज प्राप्त कर सकते हैं। नज़दीकी अस्पतालों की जानकारी के लिए 14555 पर मुफ़्त फ़ोन करें या Ayushman Bharat (PM-JAY) ऐप डाउनलोड करें।

### आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना में इलाज के साथ कौन-कौन सी सुविधाएं मुफ़्त मिलती हैं?

आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती से 3 दिन पहले और 15 दिन बाद तक के उपचार व दवाइयों के साथ-साथ अस्पताल में रहना और खाना भी मुफ़्त उपलब्ध होता है।



1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021

## गतिविधि : 3
### प्रार्थना सभा के दौरान आयुष्मान भारत शपथ का गायन



प्रार्थना सभा हर स्कूल के लिए महत्वपूर्ण और ऊर्जा से भरपूर हिस्सा होता है, जब शिक्षक और छात्र एक ही जगह इकट्ठा होते हैं. अलग-अलग स्कूलों में प्रार्थना सभा अलग-अलग तरीके से होता है, लेकिन मुख्य उद्देश्य एक ही है - सामूहिक दृष्टि को मज़बूत करना और ज्ञान का आदान-प्रदान करना।

आयुष्मान पीएम-जय योजना के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद के लिए, स्कूल में आयुष्मान भारत पीएम-जय शपथ को विशेष रूप से प्रार्थना सभा के दौरान सुनाया जा सकता है या फिर किसी ख़ास दिनों पर जैसे;

- ☑ **26 जनवरी** (गणतंत्र दिवस)
- ☑ **15 अगस्त** (स्वतंत्रता दिवस)
- ☑ **23 सितंबर** (आयुष्मान भारत दिवस)
- ☑ **12 दिसंबर** (सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस)
- ☑ **7 अप्रैल** (विश्व स्वास्थ्य दिवस) आदि

### आयुष्मान शपथ

हम यह संकल्प लेते हैं कि हम सब मिलकर बेहतर स्वास्थ्य का संदेश फैलाएंगे, जिससे **भारत आयुष्मान** बनेगा। हम भी स्वस्थ रहेंगे और दूसरों को स्वस्थ रहने के लिए शिक्षित करेंगे। **आयुष्मान भारत** के वरदान से हम भारत को स्वस्थ बनाएंगे। हम इस बात का संकल्प लेते हैं कि स्वास्थ्य को ही धन समझेंगे। हम स्वस्थ रहेंगे और बेहतर स्वास्थ्य की मशाल जलाएंगे। हम संकल्प लेते हैं कि हम सफलतापूर्वक भारत को आयुष्मान बनाएंगे। हम सभी भारतीयों तक इस संदेश को लेकर जाएंगे।

**जय हिंद! जय भारत!**



## गतिविधि : 4
### 14555 पर डेमो कॉल

बच्चों को अपने परिवार और दोस्तों से पूछने के लिए प्रोत्साहित करके परिवार और दोस्तों के बीच एबी-पीएम-जय के संदेश को फैलाने में मदद करने के लिए प्रेरित करें;

**टोल फ्री नंबर 14555 पर कॉल करें**

**शिक्षक, आयुष्मान भारत से संबंधित प्रदर्शन के लिए 14555 पर कॉल कर सकते हैं**

**कॉमन सर्विस सेंटर पर जाएं**

**योजना में नाम जानने के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों में जाएं, जारी किए गए आयुष्मान कार्ड प्राप्त करें और योजना का लाभ उठाएं**



## गतिविधि : 5
### मास्टर आयुष्मान के साथ चैटिंग

हाँ, बच्चों को मास्टर आयुष्मान के साथ चैटिंग करने के लिए प्रेरित करें। मास्टर आयुष्मान, योजना से संबंधित सभी प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं, जैसे:

- आयुष्मान भारत पीएम-जय के अंतर्गत सभी लाभों के बारे में जानने के लिए
- आयुष्मान भारत पीएम-जय के अंतर्गत नज़दीकी सूचीबद्ध अस्पतालों का पता लगाना
- आयुष्मान भारत पीएम-जय के अंतर्गत कोविड-19 की मुफ़्त जाँच और उपचार के बारे में जानने के लिए

**बस केवल मास्टर आयुष्मान से पूछें, कैसे?**
व्हाट्सऐप पर +91 98689-14555 या PM-JAY वेबसाइट पर मास्टर आयुष्मान को हाय कहें और योजना के बारे में अपने सभी प्रश्नों के बारे में पूछें।

1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021



## गतिविधि : 6
## आयुष्मान भारत पीएम-जय पर केस स्टडी

आपके मार्गदर्शन के लिए केस स्टडी प्रारूप में छात्रों के साथ आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना पर चर्चा करें, ऐसी ही एक कहानी नीचे दी गई है।

राधा की कहानी
### शिक्षक बनने की ख़्वाहिश

राधा एक युवा लड़की थी, जिसकी आँखों में लाखों सपने थे, जो एक स्कूल शिक्षक बनने की ख़्वाहिश रखती थी। उसके पिता हरिराम ने अपनी ज़मीन को सँभालने के लिए कड़ी मेहनत की और उसकी माँ ने घर को व्यवस्थित रखने में। उसके बड़े भाई माधव ने ऋण पर एक ऑटोरिक्शा ख़रीदा था और परिवार अक्सर गाँव में उस पर घूमा करता था। लेकिन एक दिन, स्कूल से घर लौटते समय राधा रास्ते में गिर गई। उसके पिता और भाई उसे अपने ऑटोरिक्शा में बिठाया और स्थानीय अस्पताल ले गए, जहाँ उसे दिल की गंभीर बीमारी एट्रियल सेप्टल दोष का पता चला। राधा के दिल में छेद था और उसे बड़े अस्पताल में रेफ़र किया गया। उसे तत्काल सर्जरी की सलाह दी गई, जिसमें एक लाख रुपये से ज़्यादा का ख़र्च था। उसका परिवार ख़बर से चिंतित हो गया और पूरी तरह से असहाय महसूस करने लगा। वे अपनी ज़मीन या माधव के नए ऑटोरिक्शा को बेचने पर विचार करने लगे। सौभाग्य से एक आरोग्य मित्र ने उनकी परेशानी की कहानी सुनी। हरिराम को पता चला कि वह और उनका परिवार आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना के अंतर्गत लाभार्थी थे। उन्होंने तुरंत अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया। राधा, जो अपने जीवन के लिए लड़ रही थी, उसकी सर्जरी, किसी देरी या चिकित्सा ख़र्च के बिना की गई। इलाज के बाद वह घर पर वापस आ गई और पहले की तरह हँसती-खेलती है और चंचल है। आज भी वो शिक्षक बनने का सपना सँजोए हुई है। लेकिन राधा ने पहले से ही आयुष्मान भारत पीएम-जय योजना के बारे में अपने पूरे गाँव को पढ़ाना शुरु कर दिया है, सभी को अपनी पात्रता की जाँच करने के लिए टोल फ्री नंबर 14555 पर कॉल करने के लिए कहा है। राधा की बदौलत कई घरवालों ने इस अद्भुत योजना का लाभ उठाया। राधा की बातों को सभी बड़े ध्यान से सुनते हैं। वह अपने गाँव में आयुष्मान भारत पीएम-जय की पहली लाभार्थी थी। लेकिन राधा ने सुनिश्चित किया कि वह अंतिम नहीं थी।



## आयुष्मान भारत पीएम-जय पर
### स्किट और नाटक का आयोजन करें

बच्चों का स्वभाव अभिव्यक्त करने की होती है और वे स्कूल के नाटकों में भाग लेना पसंद करते हैं, जो उनकी आंतरिक भावनाओं को व्यक्त करने में मदद करते हैं। इसीलिए स्कूलों को बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वो;

मास्टर आयुष्मान कॉमिक बुक और उसके पात्रों से प्रेरित स्किट और नाटक बनाएं। इनके वीडियो हमारी वेबसाइट www.pmjay.gov.in पर अपलोड करें।

सोशल मीडिया (फेसबुक/ट्विटर) पर छोटे वीडियो क्लिप एवं फ़ोटो साझा करने के लिए हैशटैग #AyushmanBharat #PMJAY का उपयोग करें।





## गतिविधि : 7
## आयुष्मान भारत पीएम-जय पर स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता का आयोजन करें

स्कूल विशेष दिनों पर एबी-पीएम-जय योजना पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं। विजेताओं को स्कूल से पुरस्कार दिया जा सकता है।

1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021



## गतिविधि : 8

### आयुष्मान भारत पीएम-जय पर

### चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करें

हमारे बच्चे स्वभावतः कल्पना लोक में विचरण करते रहते हैं। ऐसे में जब उन्हें एबी-पीएम-जय से संदर्भित चित्र बनाने के लिए कहा जाएगा, तो उन्हें आनंद भी आएगा और उनके कल्पना की उड़ान को सार्थकता भी मिलेगी। इसलिए स्कूल निम्न विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं:-

- ☑ आयुष्मान भारत
- ☑ स्वास्थ्य का वरदान आयुष्मान
- ☑ हर जान है मूल्यवान
- ☑ पीएम-जय से मुफ़्त इलाज तय
- ☑ आयुष्मान कार्ड
- ☑ आरोग्य मित्र
- ☑ एक आयुष्मान गाँव

स्कूलों को सर्वश्रेष्ठ चित्रकला का चयन करना चाहिए और वे इसे हमारे व्हाट्सऐप नंबर +91-9868914555 पर साझा कर सकते हैं...

या

हैशटैग #PMJAY #AyushmanBharat का प्रयोग करते हुए हमारे हैंडल @AyushmanNHA पर ट्वीट करें अथवा उपरोक्त हैशटैग के साथ अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट करें...

प्रत्येक स्कूल अपने यहाँ से सर्वश्रेष्ठ चित्रकला को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण को प्रेषित करें। छात्र/छात्राओं का विवरण A-3 ड्रॉइंग शीट के पीछे लिखा होना चाहिए। देश के शीर्ष 100 चित्रों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा सम्मानित किया जाएगा।



## गतिविधि : 9

### अपनी कहानी आयुष्मान भारत पीएम-जय से साझा करें

विद्यालय के जिन छात्र/छात्राओं ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में मदद की है या वे छात्र/छात्रा जो ख़ुद इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी हैं, उनकी कहानियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) से साझा करें।

छात्र/छात्राओं द्वारा एबी-पीएम-जय लाभार्थी की मदद करने वाली सत्यापित प्रशंसनीय कहानियां और सेल्फ़ी हमारे व्हाट्सऐप नंबर +91 9868914555 पर भेजें।




## गतिविधि : 10

### आरोग्य मित्र या CSC के साथ बातचीत

सामाजिक मेल-जोल, शिक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह बच्चों के समग्र बौद्धिक विकास के लिए विवेकपूर्ण तर्क शक्ति को बढ़ाता है। इसलिए, स्कूल अपने छात्रों के बौद्धिक एवं तार्किक विकास के लिए 'एबी-पीएम-जय योजना से लोगों के जीवन में आए बदलाव' विषय पर एक परिसंवाद का आयोजन कर सकते हैं। इस आयोजन में छात्र/छात्राओं से संवाद के लिए निकटतम पीएम-जय अस्पताल या सीएससी केन्द्र के कर्मियों अथवा आरोग्य मित्र को स्कूल में बुलाया जा सकता है।

1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021



गतिविधि : 11

# पोशम पा

## आयुष्मान भारत पीएम-जय

बच्चों के लिए किसी भी चीज़ को याद रखने का सबसे बेहतर तरीका 'गीत-गायन' होता है। नर्सरी राइम्स से लेकर ABC तक, बच्चे ताल से ताल मिला कर चीज़ों को सीखना बहुत पसंद करते हैं। इसलिए, हमने 'पोशम पा' पर एक लघु गीत बनाया है, जो कि एक खेल है और इसे देश भर के बच्चे खेलना पसंद करते हैं।

यह गीत योजना के सभी प्रमुख तत्त्वों को स्पष्ट रुप से प्रस्तुत कर रहा है। स्कूल को चाहिए कि वे अवकाश के दौरान आयुष्मान भारत "पोशम पा गीत" पर अभिनय करने और गाने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करें। इससे एक तरफ एबी-पीएम-जय का संदेश भी फैलेगा और दूसरी तरफ बच्चों को खेलने के लिए खेल मिल जाएगा।



## पीएम-जय पोशम पा गीत

**बच्चा :** पोशम पा, भई पोशम पा...
बीमारी में क्या किया
परेशानी की घड़ी है आई
अब तो हॉस्पिटल जाना पड़ेगा
ढेर सारे टेस्ट कराने पड़ेंगे
महँगी दवा भी खानी पड़ेगी
अब तो ख़र्च उठाना पड़ेगा
बताओ आयुष्मान भारत योजना के बारे में सुना है

**MVO :** हम्म... नहीं

**बच्चा :** पोशम पा, भई पोशम पा...
5 लाख का ख़र्च दिया
वरदान ये स्कीम बन के आई
इलाज ख़र्च नहीं उठाना पड़ेगा
योजना में नाम जानना पड़ेगा
आयुष्मान कार्ड फिर बनवाना पड़ेगा
अब तो लाभ उठाना पड़ेगा

**VO :** आयुष्मान भारत योजना के तहत 13 करोड़ से ज़्यादा
लाभार्थी अपना ई-कार्ड बनवा कर 5 लाख रुपये
तक के मुफ़्त उपचार के हक़दार बन चुके हैं।
क्या आपने योजना में अपना नाम जाना?

आज ही कॉल करें 14555 पर।

स्वास्थ्य का वरदान, आयुष्मान।






1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021




# नोट्स








# नोट्स






1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021


# नोट्स





# नोट्स





1137 School Guidebook 210 x297mm_Hindi_14.07.2021